# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 19.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. उनहत्तर हजार शिक्षक भर्ती प्रकरण में न्यायिक निर्णयों को ध्यान में रख कार्रवाई करेगी प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा–किसी भी अभ्यर्थी के साथ नहीं होगा अन्याय ।
2. केंद्र ने राज्यों को मंकी पॉक्स बीमारी का तत्काल पता लगाने के लिए प्रभावी उपाय करने और निगरानी बढाने के दिए निर्देश।
3. सिपाही भर्ती की दोबारा होने वाली लिखित परीक्षा के लिए कल से अभ्यर्थियों का जारी होगा एडमिट कार्ड।
4. प्रदेश के शिवालयों में सावन के आखिरी सोमवार पर उमड़े भक्त : वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम में सावन में 45 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किये दर्शन।

और

5. हर्षोल्लास के साथ आज मनाया जा रहा है रक्षाबंधन का पर्व : प्रदेश में रोडवेज और सिटी बसों में आज रात बारह बजे तक महिलाओं को मिलेगी निःशुल्क यात्रा की सुविधा।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती प्रकरण में नई मेरिट लिस्ट बनाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने इस प्रकरण में बेसिक शिक्षा विभाग को सर्वोच्च न्यायालय के अवलोकन एवं इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के निणय के अनुसार कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने हाल ही में 69 हजार शिक्षक भर्ती की चयन सूची निरस्त करते हुए तीन माह के अंदर नई मेरिट लिस्ट बनाने का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री ने कल इस मामले में लखनऊ में उच्चस्तरीय बैठक के बाद निर्देश दिए कि किसी भी शिक्षक के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाये।

इससे पहले हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 2019 की एक जून 2020 की चयन सूचो को दरकिनार कर नए सिरे से चयन सूची बनाने के आदेश दिए थे।

————————

केंद्र ने राज्यों को मंकी पॉक्स बीमारी का तत्काल पता लगाने के लिए प्रभावी उपाय करने तथा निगरानी बढाने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा ने देश में मंकी पॉक्स की स्थिति और स्वास्थ्य उपायों की स्थिति की कल समीक्षा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंकीपॉक्स की स्थिति की लगातार निगरानी कर रहे हैं। श्री

मिश्रा ने इस बीमारी का तत्काल पता लगाने के लिए जांच प्रयोगशालाओं का नेटवर्क बढाने के निर्देश दिए। फिलहाल जांच के लिए 32 प्रयोगशालाएं तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बीमारी के इलाज और रोकथाम के प्रोटोकॉल का प्रचार व्यापक स्तर पर किया जाना चाहिए। देश में फिलहाल मंकीपॉक्स का कोई रोगी नहीं है।

———————————

सिपाही भर्ती की दोबारा होने वाली लिखित परीक्षा के लिए कल से अभ्यर्थियों का एडमिट कार्ड जारी होगा। परीक्षा की तिथियों के मुताबिक अभ्यर्थी तीन दिन पहले बोर्ड की वेबसाइट पर दिए गए लिंक से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने जिन अभ्यर्थियों की परीक्षा 23 अगस्त को है, उनका एडमिट कार्ड 20 अगस्त को जारी होगा। एडमिट कार्ड दिखाकर अभ्यर्थी रोडवेज बसों में निःशुल्क यात्रा कर सकेंगे। जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वह बोर्ड के दिशा–निर्देशों के मुताबिक परीक्षा संपन्न कराई जाए। परीक्षा केंद्रों पर अनुचित वस्तुओं का प्रवेश रोकने के लिए तलाशी का काम सावधानी के साथ किया जाए।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में बन रहे स्टेट

ऑफ आर्ट–सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही उन्हें विश्व स्तरीय मानक के अनुरूप तैयार करने और उनके पाठ्यक्रमों को भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को तकनीकी शिक्षा का मॉडल बनाना है। इसमें यहां बन रहा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बड़ी भूमिका निभाएगा।

————————

देशभर में आज रक्षाबंधन का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें अपने भाइयों की कलाई पर रंग–बिरंगी राखी बांधती हैं और उनकी समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए प्रार्थना करती हैं। भाई अपनी बहनों की रक्षा और सहायता का वचन देते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व सभी के जीवन में सौभाग्य लाए, सद्भाव, सौहार्द व सहयोग की भावना और अधिक सशक्त हो, प्रभु श्रीराम से यही कामना है। रक्षाबंधन को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रदेश सरकार की तरफ से कल रात बारह बजे से लेकर आज रात बारह बजे तक रोडवेज बस सेवाएं और सिटी बस सेवाएं महिलाओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्री रामलला के लिए यह रक्षाबंधन

खास है। अयोध्या के श्रृंगी ऋषी आश्रम में रहने वाली महिलाएं वर्षों से भगवान राम और उनके भाइयों की बड़ी बहन शांता की भूमिका निभाती रही हैं। इस बार भी उनके द्वारा तैयार जरी और मोतियों से बनी राखी मंदिर के मुख्य पुजारो आचार्य सत्येन्द्र दास ने भगवान राम सहित चारों भाइयों को अपराह्न एक बजकर तीस मिनट पर बांध कर भक्ति परम्परा का निवर्हन किया।

मथुरा जिले के वृंदावन स्थित ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में भी रक्षाबंधन का पर्व उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। यहां भक्तों द्वारा भेजी गई राखियां ठाकुर बांके बिहारी को समर्पित की गई। देश विदेश से भक्तों ने दस हजार से अधिक राखियां भेजी हैं। बरेली में रक्षाबंधन के मौके पर झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने बहनों से राखी बंधवाकर रक्षाबंधन की बधाई दी। इस मौके पर श्री गंगवार ने देश की प्रगति की कामना की। फर्रुखाबाद की जिला जेल में बहनों ने अपने भाइयों को राखी बांधी। जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने बताया कि जेल प्रशासन की ओर से बहनों के लिए जेल के बाहर जलपान की व्यवस्था की गई। चित्रकूट में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शिवरामपुर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं से राखी बंधवाई और मिठाई बांटी।

————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

पदम पुरस्कारों से सम्मानित 70 से अधिक डॉक्टरों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कोलकाता दुष्कर्म और हत्या मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। इन डॉक्टरों ने कहा है कि चिकित्सा क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा पर तत्काल ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है।

उधर, इस मामले को लेकर डॉक्टरों का प्रदर्शन आज भी जारी रहा। लखनऊ के एसजीपीजीआई में डॉक्टरों ने प्रदर्शन के साथ नुक्कड़ नाटक कर विरोध दर्ज कराया। सैकड़ो की संख्या में डॉक्टरों ने अपनी सुरक्षा को लेकर सरकार से कानून बनाने की मांग की।

————————

श्रावण मास के पांचवें और अंतिम सोमवार को देवों के देव महादेव के जलाभिषेक व पूजा अर्चने के लिए सुबह से ही प्रदेश भर के शिवालयों में भक्तों की कतारें लगी हुई हैं। अयोध्या में सावन के आखिरो सोमवार पर बड़ी संख्या में शिव भक्त सरयू में स्नान कर सिद्धपीठ नागेश्वर नाथ पर जलाभिषेक कर रहे हैं। श्रद्धालु शिव मंदिरों में पूजन के बाद हनुमानगढ़ी और श्री रामलला के दर्शन कर रहे हैं। कानपुर नगर में स्थित आनंदेश्वर, सिद्धेश्वर नाथ, भूतेश्वर नाथ, वनखंडेश्वर, थानेश्वर, कोतवालेश्वर, झगड़ेश्वर, भूतेश्वर महादेव समेत अन्य सभी शिवालयों में भक्त भगवान शिव की पूजा और दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव के पौराणिक शिव मंदिर में विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में भक्त आज पहुंच रहे हैं। यहां कड़े सुरक्षा प्रबंधों के बीच लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन अर्चन और जलाभिषेक कर मनवांछित फल की कामना की। सावन का अंतिम सोमवार श्रवण नक्षत्र में पड़ने के कारण गाजीपुर में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

गाजीपुर के सोमेश्वर नाथ धाम, महाहर महादेव समेत अन्य शिव मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु सुबह से ही गंगाजल बेलपत्र धतूरा, पुष्प आदि भगवान शिव को अर्पित कर रहे हैं। अमरोहा के प्रसिद्ध ऐतिहासिक वासुदेव तीर्थ स्थल पर भोर से भोले के जयकारे गूंज रहे हैं। उधर,

हसनपुर और धनारा स्थित शिवालयों में भी बड़ी तादाद में शिव भक्त पहुंच रहे हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम समेत मारकंडेय महादेव और सारनाथ मंदिर में भक्तों का तांता लगा हुआ है। रक्षाबंधन पर आज बाबा विश्वनाथ को तिरंगा राखी बांधकर भाई–बहन के प्यार को बनाए रखने का संदेश दिया गया। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट..

*आज सावन का अंतिम सोमवार है। भगवान भोले की नगरी कही जाने वाली काशी में बाबा विश्वनाथ धाम सहित विभिन्न शिवालियों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में वर्षों पुरानी परंपरा की शुरुआत आज मंदिर प्रांगण में श्री विश्वनाथ जी की पंच बदन प्रतिमा के पंचगव्य स्नान के साथ शुरू हुई। विद्वान 11 अर्चकों, ट्रस्टी गण व अन्य गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में विधि विधान पूर्वक पंच बदन मूर्ति का पंचगव्य स्नान पूर्ण कराया गया। इस दौरान शंख वादन और डमरू वादन भी हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। आज बाबा का झूला श्रृंगार किया जाएगा। अबकी बार सावन में 45 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए है। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।*

————————

प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर, बाराबंकी समेत सहारनपुर, बदायू् में आज मध्यम से तेज बारिश हुई। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि कल लखीमपुर खीरी, बरेली, शाहजहांपुर, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या और वाराणसी और आसपास के जनपदों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है।

————————